
## खबर संक्षेप

### बच्चो को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का कराएं सेवनः सिविल सर्जन



**शहडोल।** सिविल सर्जन जिला अस्पताल शहडोल डॉ. शिल्पी सराफ ने ग्रीष्मऋतु को दृष्टि रखते हुए बच्चो की सुरक्षा के लिए आवष्यक सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चो को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन कराएं, बच्चों को धूप में खेलने बचाएं, बेहोषी की स्थिति में बच्चे को कुछ भी खाने पीने को न दें, गर्मी के मौसम में बच्चो के शरीर को अच्छे तरह ढककर रखें। सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने बताया कि जब बच्चों को गर्मी लगे तो बच्चे को तुरंत अंदर या छाव में लाएं, नल के पानी से शरीर को पोंछे या पानी का छिडक़ाव करें, बच्चे के कपड़ो को जितना संभव हो, ढीला कर दें, यदि बच्चे होष में है तो उसे तुरंत ठंडा पानी पिलाएं, पैरो को थोड़ा ऊंचा करके लिटाएं, यदि बच्चे को उल्टियां हो तो उसे करवट के बल लिटाएं, ताकि गले में कुछ न फंसे एवं पंखे या ठंडी हवा का उपयोग करें।

### आरटीई के तहत प्रवेश की तिथि बढ़ी

**शहडोल।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 25 अप्रैल 2026 कर दिया गया है, जिससे शहडोल जिले के अभिभावकों को भी अपने बच्चों का एडमिशन कराने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। पूर्व में प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दिया गया है। यह निर्णय उन अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो विभिन्न कारणों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने बच्चों का प्रवेश नहीं करा पाए थे, लेकिन अब वे प्रवेश दिलाने के इच्छुक हैं।

### 400 किमी का सफर तय कर टॉपर के घर पहुंचे पवन चीनी, भेंट किया टैब



**शहडोल।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, लेकिन जब उसे सही प्रोत्साहन मिले तो वह इतिहास रचती है। मध्य प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 500 में से 499 अंक लाकर प्रदेश का मान बढ़ाने वाली पन्ना की बेटी प्रतिभा सिंह सोलंकी के जज्बे को सलाम करने अमलाई के समाजसेवी और पार्षद पवन चीनी ने सरहदों की दूरी मिटा दी। पवन चीनी अपनी मित्र मंडली के साथ 400 किलोमीटर का लंबा सफर तय कर सीधे पन्ना जिले में छात्रा के घर पहुंचे। जहां व्यवस्थाएं अक्सर घोषणाओं में सिमट जाती हैं, वहीं पवन चीनी ने धरातल पर उतरकर होनहार छात्रा को अत्याधुनिक टैब भेंट किया। इस डिजिटल तोहफे का मकसद साफ है कि प्रतिभा की उच्च शिक्षा की राह में कोई बाधा न आए। समाजसेवी पवन चीनी की यह पहल उन लोगों के लिए कड़ा संदेश है जो केवल मंचों से प्रतिभाओं के सम्मान की बात करते हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि अगर नीयत साफ हो, तो 400 किमी की दूरी भी छोटी पड़ जाती है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा जैसी बेटियां ही देश का भविष्य हैं और इन्हें तराशना समाज के हर सक्षम व्यक्ति का दायित्व है। इस सराहनीय कदम की पूरे प्रदेश में चर्चा हो रही है। चीनी मॉडल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्र निर्माण केवल नारों से नहीं, बल्कि ऐसे ही छोटे-छोटे समर्पित प्रयासों से संभव है।

## कार्यालय में घुसकर सर्वेयर को धमकाने के 72 घंटे बाद भी एफआईआर नहीं

# खनिज माफिया के आगे नतमस्तक तंत्र

शहडोल।







जिले में खनिज माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे सरकारी दफ्तरों में घुसकर अधिकारियों को चुनौती दे रहे हैं। शनिवार को जिला खनिज कार्यालय में सर्वेयर समय लाल गुप्ता को दी गई धमकी के 72 घंटे बीत जाने के बाद भी विभाग ने अब तक कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। प्रशासनिक सुस्ती और अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी अब मैनेजमेंट और भारी राजनैतिक दबाव की ओर इशारा कर रही है।

### 72 घंटे की चुप्पीः डर या समझौता

हैरानी की बात यह है कि जिस विभाग के कर्मचारी की जान जोखिम में डाली गई, उसी विभाग के आला अधिकारियों ने अब इस मामले पर चुप्पी साध ली है। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस को लिखित शिकायत न देना कई सवाल खड़े करता है। यदि कार्यालय के भीतर अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, तो मैदानी अमला कार्रवाई की हिम्मत कैसे जुटाएगा?

### कार्रवाई से भडक़ा माफिया

बीते शनिवार को खनिज विभाग की टीम ने सिंहपुर क्षेत्र में अवैध परिवहन के खिलाफ घेराबंदी की थी। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मल्दा क्षेत्र से रेत लेकर आ रहे वाहन क्रमांक एमपी 18जेडएफ 6617 को पकड़ा गया। वाहन चालक राजेंद्र के पास परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह वाहन रसूखदार ऋषभ मिश्रा का बताया जा रहा है। कार्रवाई से तिलमिलाए वाहन मालिक के समर्थकों ने शनिवार शाम को सीधे जिला खनिज कार्यालय में धावा बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाशों ने सर्वेयर समय लाल गुप्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया, उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी और दफ्तर के भीतर मोबाइल से वीडियो बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश की। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थिति को संभाला, लेकिन माफिया का दुस्साहस यहीं नहीं रुका।

### फर्जी टीपी का अंतरराष्ट्रीय खेल

शहडोल जिले में रेत का अवैध कारोबार छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे मल्दा क्षेत्र के जरिए फल-फूल रहा है। माफिया फर्जी ट्रांजिट पास का उपयोग कर करोड़ों रुपये की रॉयल्टी चोरी कर रहे हैं। यही अवैध रेत जैतपुर, केशवाही और बुढार के रास्तों से होते हुए जिले के कोने-कोने में खपाई जा रही है। जब भी कोई ईमानदार अधिकारी इस नेक्सस पर हाथ डालता है, तो या तो उसे धमकी दी जाती है या फिर सत्ता के गलियारों से फोन घनघनाने लगते हैं।

### खून से सना है शहडोल का खनिज इतिहास

यह पहली बार नहीं है जब शहडोल में माफिया ने सरकारी तंत्र को ललकारा है। इससे पहले जिले में अवैध उत्खनन रोकने गए एक एएसआई और एक पटवारी की बेरहमी से हत्या की जा चुकी है। इन शहादतों के बावजूद प्रशासन का लचीला रुख समझ से परे है। जानकारों का कहना है कि यदि इस बार खनिज कार्यालय में घुसकर दी गई धमकी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में माफिया किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से नहीं हिचकिचाएगा।

### प्रशासनिक साख दांव पर

रविवार को जनसंपर्क विभाग ने वाहन जब्ती का प्रेस नोट जारी कर अपनी पीठ तो थपथपा ली, लेकिन असली सवाल कानून व्यवस्था का है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि वे विभाग की ओर से लिखित शिकायत का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर, जिला खनिज अधिकारी की इस मामले में सुस्ती यह बताने के लिए काफी है कि माफिया का रसूख कानून के हाथ से कहीं ज्यादा लंबा है। अब देखना यह होगा कि क्या कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक इस मामले में संज्ञान लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं, या फिर यह मामला भी पुरानी फाइलों की तरह ठंडे बस्ते में दबा दिया जाएगा। फिलहाल, शहडोल की जनता और ईमानदार कर्मचारी इस खामोश समझौते को हैरानी भरी नजरों से देख रहे हैं।

## शहडोल में शुरू हुआ फुटबॉल का महाकुंभ, जरवाही ने विचारपुर को पटका

# मैदान पर बेटियों का अस्मिता शंखनाद



शहडोल।

जिले के खेल इतिहास में सोमवार का सूरज एक नई ऊर्जा लेकर उदित हुआ। स्थानीय रेलवे फुटबॉल ग्राउंड पर जिला स्तरीय बालिका अस्मिता कप (अंडर-16) का आगाज हुआ, जहाँ जिले की बेटियां फुटबॉल के मैदान पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने उतरी हैं। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता ने पहले ही दिन खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया।

### धनगवां-कंचनपुर में रही कांटे की टक्कर

प्रतियोगिता के पहले दिन मैदान पर जबरदस्त घमासान देखने को मिला। पहला मुकाबला आरएफटीसी धनगवां और कंचनपुर की टीम के बीच हुआ। दोनों ही टीमों ने रक्षात्मक और आक्रामक खेल का ऐसा तालमेल दिखाया कि मैच के अंत तक कोई भी गोल नहीं कर सका और मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा। दूसरा मुकाबला सीबीएम फुटबॉल क्लब जरवाही और इलेवन फुटबॉल क्लब विचारपुर के बीच खेला गया। यहाँ जरवाही की बेटियों ने मैदान पर अपनी रफ्तार का जादू बिखेरा और विचारपुर को 3-1 के बड़े अंतर से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी मजबूत की।

### गरिमामयी उपस्थिति में हुआ शुभारंभ

प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन रेलवे स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रभात कुशवाहा, जिला फुटबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद जकारिया, और रिलायंस सीबीएम के सीएसआर प्रमुख राजीव श्रीवास्तव की उपस्थिति में हुआ। संघ के सचिव रईस अहमद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा रखी। इस अवसर पर अनिल सिंह, पीएस राव, रामाराव और कैलाश वर्मा सहित कई दिग्गज खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### प्रोफेशनल रेफरी संभाल रहे कमान

प्रतियोगिता की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ ने भारी-भरकम ऑफिशियल टीम तैनात की है। मैच कमिश्नर एसएसए नगवी (जबलपुर) की देखरेख में अंबुज कुमार गुप्ता, शेख कौनेन, यशोदा सिंह और संजय सिंह जैसे अनुभवी रेफरी मैदान पर मुस्तैद हैं। यह आयोजन केवल एक खेल नहीं, बल्कि शहडोल की बेटियों के लिए वह मंच है जहां से वे राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय करेंगी। 22 अप्रैल तक चलने वाले इस लीग मैचों में जो टीम अपना दम दिखाएगी, वही अस्मिता कप पर कब्जा जमाएगी।



## शहडोल की धरा पर सजेगा राष्ट्रभक्ति का महाकुंभ
## संघ शिक्षा वर्ग के लिए हुआ भूमिपूजन

शहडोल।

वीर प्रसूता और सेवाभावी संस्कारधानी शहडोल अब राष्ट्रभक्तों की तपोभूमि बनने जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित होने वाले संघ शिक्षा कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम के लिए स्थानीय स्तर पर शंखनाद हो चुका है। इस भव्य आयोजन की तैयारियों के निमित्त आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र प्रचारक प्रमुख शिवराम समदरिया ने हुंकार भरते हुए कहा कि शहडोल के लिए यह गौरव का क्षण है कि यहां राष्ट्र सेवा का महायज्ञ संपन्न होने जा रहा है।

### देशभक्तों के निर्माण की प्रयोगशाला है संघ वर्ग

भूमि पूजन के अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शिवराम जी ने कहा कि संघ निरंतर समाज के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करता है। यह वर्ग महज एक प्रशिक्षण शिविर नहीं, बल्कि वह महायज्ञ है जहां युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति की ऊर्जा का संचार कर उन्हें समाज सेवा के लिए गढ़ा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस आयोजन में प्रत्येक कार्यकर्ता का समर्पण संकल्प से सिद्धि के मंत्र को साकार करेगा।

### देशभर की नजरें अब यहां

गौरतलब है कि संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन देश के चुनिंदा शहरों में ही होता है। इस बार शहडोल का चयन होना यहाँ के कार्यकर्ताओं की निष्ठा और उत्साह का परिणाम है। संभाग के नागरिकों के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जहाँ अनुशासन और राष्ट्रवाद का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

### गणमान्य नागरिकों ने लिया सफलता का संकल्प

कार्यक्रम में जिले के प्रबुद्ध जन, गणमान्य नागरिक और सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है और नगर की साज-सज्जा से लेकर आगंतुकों की व्यवस्था तक के लिए कमेटियों का गठन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जब राष्ट्रभक्ति की बात आती है, तो शहडोल का जन-जन तन-मन-धन से समर्पित रहता है। आगामी दिनों में शहडोल की गलियों में अनुशासन और सेवा का जो दृश्य दिखेगा, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणापुंज बनेगा।

## चिप्स लेने गई मासूम से हैवानियत करने वाले को 20 वर्ष की सजा

**धनपुरी/बुढार।** मानवता को शर्मसार और कोयलांचल को कलंकित करने वाले 50 वर्षीय दुकानदार मोहम्मद इस्तयाक उर्फ शानू के पापों का घड़ा आखिरकार फूट गया। मासूम बच्चियों पर गंदी नजर रखने वाले इस भेड़िए को माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) बुढार ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल ने मामले की नृशंसता को देखते हुए अपराधी पर अर्थदंड के साथ-साथ पीड़िता को 1 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी ऐतिहासिक आदेश जारी किया है।

### हाथ चबाकर भागी थी नन्ही शेरनी



यह रूह कंपा देने वाली घटना 3 अप्रैल 2025 की है। धनपुरी स्थित आरोपी की दुकान पर एक 9 वर्षीय मासूम चिप्स लेने गई थी। पिता समान उम्र के इस्तयाक ने मासूमियत का फायदा उठाते हुए उसे बहला-फुसलाकर दुकान के भीतर खींच लिया और शटर गिराकर घिनौनी और अश्लील हरकतें करने लगा। दरिंदा मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाना चाहता था, लेकिन उस छोटी सी बच्ची ने गजब का साहस दिखाया। उसने दरिंदे के हाथ पर अपने दांतों से इतनी जोर से काटा कि वह दर्द से बिलबिला उठा। इसी दौरान मौका पाकर बच्ची उसके चंगुल से भागी और रोते हुए अपनी मां को आपबीती सुनाई।

### दांतों के निशान बने फांसी का फंदा

धनपुरी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा था। अदालत में अभियोजन पक्ष ने मजबूती से दलीलें पेश कीं। सबसे बड़ा सबूत आरोपी के हाथ पर मौजूद बच्ची के दांतों के निशान और मेडिकल रिपोर्ट में आई चोटें थीं। इन साक्ष्यों ने दरिंदे के बचने के सारे रास्ते बंद कर दिए।

### समाज में दरिंदों के लिए कोई जगह नहीं

फैसला सुनाते हुए अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे जघन्य अपराधों के प्रति उदारता बरतना समाज के लिए घातक है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने न केवल कानून तोड़ा बल्कि विश्वास का कत्ल भी किया है। सजा के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश दिया गया है कि पीड़िता के शारीरिक और मानसिक घावों पर मरहम लगाने के लिए उसे तत्काल एक लाख रुपये का प्रतिकर प्रदान किया जाए। यह फैसला उन तमाम सफेदपोश दरिंदों के लिए कड़ा सबक है जो मासूमियत को कुचलने का ख्वाब देखते हैं। धनपुरी की उस नन्ही शेरनी को सलाम, जिसके साहस ने आज एक हैवान को घुटनों पर ला दिया।

## बाल विवाह की कुप्रथा पर प्रशासन का कड़ा प्रहार
## अक्षय तृतीया पर शहडोल के गांवों में विधिक स्ट्राइक





शहडोल।

मासूम उम्र में शादी के बंधन की बेडियाँ डालने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.एन. सिंह के कड़े रुख के बाद, जिले के ग्रामीण इलाकों में विधिक जागरूकता का भारी अभियान चलाया गया।

### कानून का खौफ और समझाइश

सिंहपुर, हर्रा, सेमरिहा, अमराहा और केलमानिया जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों में ग्रामीणों को दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी गई कि बच्चों का भविष्य दांव पर लगाकर बाल विवाह रचाना न केवल सामाजिक पाप है, बल्कि जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाने वाला गंभीर अपराध भी है।

### थाना प्रभारी ने बढ़ाया हौसला

अभियान के दौरान सिंहपुर थाना प्रभारी आशीष झरिया ने जमीनी स्तर पर मोर्चा संभाला। उन्होंने उन परिवारों की सार्वजनिक रूप से सराहना की जो कानूनी उम्र (लडक़ी 18, लडक़ा 21) का पालन कर रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी चोरी-छिपे कम उम्र में विवाह रचाया गया, तो आयोजक, पंडित और मेहमान—सभी कानूनी कार्रवाई की जद में आएंगे।

### समन्वय से थमेगी सामाजिक बुराई

इस वृहद अभियान को सफल बनाने में पैरालीगल वॉलंटियर प्रकाश राव ने सेतु का काम किया, जिन्होंने ग्रामीण भाषा में लोगों को सरकारी योजनाओं और विधिक सहायता की जानकारी दी। प्रशासन के इस आक्रामक रुख से उन बिचौलियों और परिवारों में हडक़ंप है जो अक्षय तृतीया के नाम पर मासूमों के बचपन का सौदा करने की फिराक में थे। सावधान! जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पुलिस की पैनी नजर जिले के हर मंडप पर है। जागरूक नागरिक बनें और बाल विवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



### गूंजा परशुराम का उद्‍घोष दुर्गा मंदिर में सुंदरकांड और हवन के साथ मनाया शौर्य दिवस

**जयसिंहनगर।** भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समूचा नगर भगवा रंग में रंगा नजर आया। स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज द्वारा शौर्य और भक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया गया। यहाँ आयोजित भव्य सुंदरकांड पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए हवन कुंड की आहुतियों ने वातावरण में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। नगर व क्षेत्र के समस्त विप्र जनों की गरिमामयी उपस्थिति में हुए इस आयोजन ने सामाजिक एकजुटता की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के शस्त्र और शास्त्र के ज्ञान को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। भक्तिमय आयोजन ने सिद्ध कर दिया कि जयसिंहनगर अपनी परंपराओं के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर है।

# कलेक्टर ने किया इंटेकवेल एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने उमरार डेम स्थित इंटेकवेल, खलेसर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा घंघरी में प्रस्तावित 2 लाख लीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिलेवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए।



कलेक्टर ने इंटेकवेल से प्राप्त कच्चे पानी के समुचित उपचार के बाद ही सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पी.एच.ई. विभाग को पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने, क्लोरीनेशन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही जल वितरण करने को कहा। साथ ही पाइपलाइन लीकेज की जांच कर शीघ्र मरम्मत करने तथा जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आने देने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जल आपूर्ति की मॉनिटरिंग बढ़ाई जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता रखी जाए और शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निराकरण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक के कार्य में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट कर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेनगुप्ता,मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह,उपयंत्री देव कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संगोष्ठी संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा, जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जागरूकता हेतु नारी शक्ति वंदन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 अप्रैल 2026 तक चलेगा। इसी क्रम में ग्राम तखतपुर एवं करकेली में संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस अधिनियम के तहत संसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। विदित हो कि वर्तमान में संसद/विधानसभाओं में महिलाओं का औसत प्रतिनिधित्व लगभग 14% है इसी के मद्देनजर सरकार महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मंशा से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराना चाहती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि महिलाओं को अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं जागरूक उपयोग करना चाहिए, जिससे वे स्वयं के हितों के अनुरूप प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर सकें। इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों ने उपस्थित महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा महिला सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को किया गया है। यह परीक्षा दो पाली में संपन्न होगी।प्रथम पाली में प्रातः10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक संचालित होगी । परीक्षा में 900 परीक्षार्थी तीन केंद्रों के माध्यम से परीक्षा देंगे । उन्होंने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पूर्वक आयोजन हेतु आयोग कार्यालय व्दारा शहडोल संभाग के लिए संभागीय पर्यवेक्षक राम गोपाल प्रजापति सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश को नियुक्त किया गया है।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026- महत्वपूर्ण सूचना

**उमरिया।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 हेतु विज्ञापन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जा चुका है। यह परीक्षा प्रदेश के 54 संभागों/जिला मुख्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश के समय फिस्किंग एवं बायोमेट्रिक पहचान की नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 90 मिनट पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों,ताकि प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके।

# प्रगणकों और सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**उमरिया।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रश्नों के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई और प्रश्नों को सही तरीके से भरने की प्रक्रिया समझाई गई।



कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने दायित्वों को गंभीरता से समझें और प्रशिक्षण के पश्चात पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य को अंजाम दें। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शत-प्रतिशत सटीकता और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि इसके आधार पर ही भविष्य की योजनाओं का निर्माण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर निर्धारित समय-सीमा में अपने कार्य को पूर्ण करें तथा प्रत्येक जानकारी का सही एवं सावधानीपूर्वक संकलन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में मकानसूचीकरण से जुड़े प्रमुख प्रश्नों जैसेकृलोकेशन विवरण भरना, लाइन क्रमांक, भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या तथा स्व-गणना संदर्भ आईडी दर्ज करने की प्रयिा पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा भवन एवं जनगणना मकान के बीच अंतर, फर्श, दीवार एवं छत की मुख्य सामग्री की पहचान, जनगणना मकान का वास्तविक उपयोग एवं उसकी स्थिति (रहने योग्य/खाली आदि) के बारे में विस्तार से समझाया गया। परिवार से संबंधित जानकारी जैसे परिवार क्रमांक, कुल व्यक्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का विवरण, मकान के स्वामित्व की स्थिति तथा आवास हेतु उपलब्ध कमरों की संख्या दर्ज करने की विधि भी बताई गई। इसी तरह करकेली, चंदिया में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# हनुमान मंदिर में सेंध लगाने वाले शातिर चोरों का खेल खत्म

## कोतवाली पुलिस ने कटनी से दबोचा

उमरिया।

आस्था के केंद्र पर बुरी नजर डालने वाले अपराधियों को उमरिया पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। ग्राम ददरी स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चोरी किया गया चांदी का मुकुट, छत्र और वारदात में प्रयुक्त सब्बल बरामद कर लिया गया है।



### रेकी कर बनाया था निशाना

पकड़ा गया मुख्य आरोपी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे उम्र 20 वर्ष पेशेवर अंदाज में मंदिरों की रेकी करता था। बीती 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के उल्लास के बाद जब पूरा गांव गहरी नींद में था, तब इस शातिर अपराधी ने मंदिर का ताला तोडक़र भगवान के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने चोरी का माल ठिकाने लगाने के लिए अपने साथी राहुल उर्फ लालू सोनी उम्र 38 वर्ष का सहारा लिया था।

### कटनी तक पीछा कर दबोचा

पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। मुखबिरों के जाल और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन जिला कटनी में मिली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या और एसडीओपी पी.एस. परस्ते के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी मदन लाल मरावी की टीम ने तत्काल दबिश देकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। कोतवाली पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के धर्मप्रेमी जनता में संतोष है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आरोपी के पास से चांदी का प्राचीन मुकुट, चांदी का छत्र, वारदात में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया है। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक मदन लाल मरावी सहित पूरी कोतवाली टीम की विशेष भूमिका रही।

# अक्षय तृतीया पर बाजार हुआ गुलजार, बच्चों ने रचाया गुड्डा-गुडियों का विवाह



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अक्षय तृतीया पर सोमवार को बाजार गुलजार रहे। दिनभर रौनक बनी रही। सुबह से ही लोगों की भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ी। खासकर सराफा बाजार में सोना-चांदी खरीदने वालों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। मान्यता के अनुसार इस दिन खरीदी गई वस्तु अक्षय रहती है, इसलिए लोगों ने शुभ मुहूर्त में आभूषण, बर्तन और अन्य सामान की खरीदारी की। कपड़ा बाजार, बर्तन बाजार मनिहारी दुकानों और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर भी ग्राहकों ने खरीदारी की। नगर के गांधी चौक, स्टेशन चौक, महावीर मार्ग के अलावा आजाद चौक, पुराना स्टेट बैंक चौक, पोस्ट ऑफिस रोड समेत अन्य बाजारों में भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर कारोबार में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार ग्राहकों की संख्या अधिक रही। जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए। ज्वैलर्स के मुताबिक सोने-चांदी के दाम बढ़ने की वजह से ग्राहकों की संख्या कम रहा।

### सोमवार को हजारों जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खूब शहनाई गूंजी। वहीं पेड़ के नीचे बच्चों ने गुड्डे और गुड़ियों के विवाह कराए। विवाह समारोह के विशेष मुहूर्त पर प्रशासनिक अधिकारी बाल विवाह पर नजर रखे रहे। अक्षय तृतीया के मौके पर बाजार भी गुलजार रहा। आने वाले दिनों में जिन घरों में शादी है, वो लोग गहने खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंचे। अक्षय तृतीया पर विवाह के इस शुभ मुहूर्त के चलते नगर के सभी बारात घर, धर्मशाला सहित गली मुहल्लों में विवाह समारोह हुए। नगर में सुबह से ही कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा।

### गुड्डा-गुडिया का हुआ विवाह

अक्षय तृतीया के अवसर पर कन्याओं द्वारा गुड्डा-गुडियों का विवाह रचाया गया। बरिया और पीपल के पेड़ के नीचे इनकी गांठ बांधकर अपने लिए भी अक्षय रूप में जन्म-जन्मांतर के रिश्ते की कामना की। नगर में यह परंपरा कई सालों से चलती आ रही है। बाजार में जगह-जगह गुड्डा-गुड्डियों की दुकानें लगी हुई दिखाई दीं, जहां कई बच्चे अपने परिजन के साथ खरीदी करने पहुंच रहे थे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस दिन किए कार्यों का अक्षय फल मिलता है। अक्षय तृतीया पर भगवान को चना, सत्तू का भोग लगाया।

# जैतहरी के परशुराम चौक में गूंजा "जय-जय परशुराम"

## स्थायी शेड निर्माण का संकल्प, विप्र समाज की अद्वितीय एकता का भव्य प्रदर्शन

**जैतहरी।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर जैतहरी स्थित परशुराम चौक में विप्र समाज द्वारा अत्यंत भव्य, धार्मिक एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में जिले भर से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने सहभागिता कर समाज की एकजुटता और आस्था का अद्वितीय परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई कि परशुराम चौक में स्थायी शेड का निर्माण कराया जाएगा, जिससे भविष्य में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को और अधिक सुव्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के पूजन, अर्चन, वंदन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरे आयोजन स्थल पर "जय जय परशुराम" और "भगवान परशुराम अमर रहें" के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और श्रद्धा का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। विप्र समाज के आवाहन पर विशेष रूप से जैतहरी एवं आसपास के क्षेत्रों सहित पूरे जिले से ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व में जैतहरी में प्रदर्शित ब्राह्मण एकता की ऐतिहासिक सफलता की चर्चा करते हुए सभी समाजजनों को साधुवाद दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार समाज ने एक मंच पर संगठित होकर अपनी शक्ति का परिचय दिया है, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह का संचालन पंडित महेश प्रसाद तिवारी ने प्रभावशाली शैली में किया।



मुख्य वक्ता के रूप में विप्र समाज के संयोजक पंडित राम नारायण द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि "आज हम जिस स्वरूप की पूजा कर रहे हैं, वह केवल प्रतिमा नहीं, बल्कि सजीव दिव्य सत्ता का प्रतीक है। भगवान परशुराम सात चिरंजीवों में से एक हैं और कलियुग में भी उनकी उपस्थिति समाज का मार्गदर्शन करती है।" उनके इस भावपूर्ण वक्तव्य से उपस्थित जनसमूह अत्यंत भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम के दौरान शीतल पेयजल, प्रसाद, फल-फूल एवं अन्य तरल पदार्थों का विशाल स्तर पर वितरण किया गया। अंत में समाज के हितों की रक्षा और आवश्यकता पड़ने पर सदैव एकजुट रहने का सामूहिक संकल्प लिया गया। सभी ने एक स्वर में कहा कि ब्राह्मण समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है, और जब भी समाज को आवश्यकता होगी, सभी एक साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंडित विद्याधर शुक्ला, पंडित रोहिणी त्रिपाठी, पंडित सुरेंद्र शुक्ला, पंडित रोहिणी प्रसाद तिवारी, पंडित शेषनारायण शुक्ला, रामसजीवन गौतम, पंडित सत्येंद्र दुबे, पंडित विजय शुक्ला, पंडित महेश प्रसाद तिवारी, पंडित राजेंद्र द्विवेदी, पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी, पंडित विजय मिश्रा, पंडित मयंक त्रिपाठी, पंडित विद्याधर पांडे, पंडित श्याम नारायण शुक्ला, शास्त्री जी तथा पंडित द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी (अनूपपुर) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में जिले की ओर से आयोजकों को इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी समाजहित के प्रत्येक कार्य में साथ रहने का आश्वासन दिया गया ।

# अमरकंटक में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धा-भक्ति से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

श्री नर्मदा मंदिर प्रांगण अमरकंटक में भगवान परशुराम जयंती का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक आस्था और उत्साह से गुंजायमान रहा। नर्मदा मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन हेतु विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। अमरकंटक के प्रकांड विद्वानों एवं श्री नर्मदा मंदिर के प्रधान पुजारीगण पंडित उमेश द्विवेदी, पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी एवं पंडित धनेश द्विवेदी के सानिध्य में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए मंगलकामनाएं कीं। इसके पश्चात नर्मदा मंदिर प्रांगण से एक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पूरे अमरकंटक नगर का भ्रमण करते हुए श्री कल्याण सेवा आश्रम पहुंची तथा पुनः नर्मदा मंदिर में आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में विप्र समाज एवं श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



कार्यक्रम के दौरान श्री महंत रामभूषण दास जी महाराज एवं पंडित उमेश द्विवेदी ने अपने-अपने संबोधन में समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज के हित में सभी को संगठित होकर कार्य करना चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति या समस्या के समय एकजुटता ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। स्वामी जी ने सनातन धर्म की परंपराओं का आवाहन करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज का मूल स्वरूप ज्ञान और शक्ति का संतुलन है एक हाथ में शास्त्र और एक हाथ में शस्त्र। वर्तमान समय में समाज और धर्म की रक्षा हेतु दोनों का महत्व आवश्यक है। भगवान परशुराम जयंती के इस पावन अवसर पर विप्र संप्रदाय द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम में श्री महंत रामभूषण दास जी महाराज (शांतिकुटी आश्रम), पंडित योगेश दुबे (मृत्युंजय आश्रम, अमरकंटक), पंडित उत्तम प्रसाद द्विवेदी, पंडित नंदन द्विवेदी, पंडित धर्मेंद्र द्विवेदी, पप्पू महाराज, पंडित कान्हा द्विवेदी, पंडित रुपेश द्विवेदी, पंडित प्रकाश द्विवेदी, पंडित कमलेश द्विवेदी, पंडित विनायक द्विवेदी, पंडित अंबिका प्रसाद तिवारी, पंडित कार्तिक द्विवेदी, पंडित रामनरेश शास्त्री, पंडित आकाश द्विवेदी, पंडित सुशील शुक्ला, पंडित धनंजय तिवारी, पंडित श्रवण उपाध्याय, पंडित महेश्वर द्विवेदी, पंडित राजेश पाठक, पंडित अखिलेश पाठक, पंडित लालजी द्विवेदी, पंडित उमाशंकर मिश्रा, पंडित अनिल शुक्ला, पंडित राजहंस तिवारी, पंडित अरविंद गौतम, पंडित ओमप्रकाश गौतम, पंडित शक्ति शरण पांडेय, पंडित मुनीष पांडेय, पंडित रोहित लाल त्रिपाठी, पंडित रविशंकर तिवारी, पंडित विक्की द्विवेदी, पंडित राधेश्याम उपाध्याय, पंडित पाण्डेय जी (श्री यंत्र मंदिर), पंडित गजानंद गर्ग, पंडित संदीप जोशी एवं पंडित उमाशंकर पाण्डेय 'मुन्नू' सहित सैकड़ों की संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संतजन, विद्वान एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक भव्य एवं सफल बनाया।

# प्रतिदिन बदहाल होती जा रही कोतमा नगर की यातायात व्यवस्था

## जनता को नहीं मिल पा रहा इससे निजात

हरिभूमि न्यूज कोतमा। नगर की यातायात व्यवस्था दिन प्रतिदिन बदहाल होती जा रही है। लेकिन जनता को इससे निजात नहीं मिल पा रही है जिसके कारण प्रतिदिन घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है इसका सबसे बड़ा कारण दुकानदारों एवं ग्राहकों का मनमाना रवैया बताया जाता है। नगर के स्टेशन चौक से पुराना अस्पताल, स्टेशन चौक से पंचायती मंदिर रोड, पुराना सब्जी मंडी रोड, पोस्ट ऑफिस रोड, पुराना स्टेट बैंक रोड से गांधी चौक, कन्या स्कूल से टर्निंग प्वाइंट, मुखर्जी चौक जाने वाले रास्ते में दुकान दारों के द्वारा सड़क पर दुकान लगाते हुए दुकान का बोर्ड भी सड़क पर रख दिया जाता है जिसके कारण मुख्य सड़क सकरी हो जाती है अतिक्रमण होने के कारण लोगों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों के द्वारा सड़क पर दुकान लगाते हुए, सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है लेकिन नगर पालिका के द्वारा हटाने की कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण दुकानदारों के हौसले बुलंद है। इतना ही नहीं ग्राहकों के द्वारा चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों में खरीदारी करने आते हैं और दुकान के सामने ही बीच सड़क पर वाहन को खड़ा कर देते हैं जिसके कारण दूसरे वाहन को निकालने के लिए, सड़क में जगह ही नहीं बचती और प्रतिदिन नागरिकों को घंटो जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर में हालत यह हो गए हैं कि वाहन मालिकों के द्वारा दो पहिया वाहन के लिए बनाए गए पार्किंग स्थल पर अपने निजी चार पहिया वाहनों को खड़ा करते हुए परमानेंट पार्किंग स्थल बना लिया गया है जिसके कारण दो पहिया वाहन को खड़ा करने के लिए जगह ही नहीं बचती और लोग सड़क पर ही दो पहिया वाहनों को खड़ा कर देते हैं। पूर्व में अभियान चलाते हुए दुकानदारों एवं वाहन स्वामियों को निर्देश दिया गया था कि वह अपनी वाहनों को भी सड़क पर खड़ा करते हुए पार्किंग स्थल ना बनाएं वाहनों को या तो गैराज या अन्य जगहों पर खड़ा करें यदि सड़क पर परमानेंट पार्किंग स्थल बनाते हुए वाहनों को खड़ा किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी लेकिन यह मात्र दिखावा साबित हुई जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं। नगर के कन्या स्कूल से मुखर्जी चौक जाने वाले रास्ते में सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देने के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है दो दिन पूर्व कन्या स्कूल के पास स्थित रेडीमेड की दुकान के सामने किसी के द्वारा चार पहिया वाहन भी सड़क पर ही खड़ा कर दिया गया जिसके कारण घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो गई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से बाजार क्षेत्र में दुकानदारों के द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा

**कटनी।** ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मण सत्संग भवन में प्रातः काल से हुई। ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से भगवान परशुराम का पूजन एवं हवन संपन्न कराया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संध्या 5 बजे गोलबाजार स्थित रामलीला मैदान से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। संतों के सानिध्य में निकलने वाली इस यात्रा में इस बार भी विशेष और मनमोहक झांकियों का संग्रह किया गया है। रामलीला मैदान से शुरू होकर शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक और शेर चौक होते हुए ब्राह्मण सत्संग भवन पहुँचेगी। सत्संग भवन में महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना है।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**कटनी।** जिले में बैंकिंग सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी पर लगाम लगाने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में पुलिस ने जिले के सभी प्रमुख बैंकों और एटीएम परिसरों में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने बैंक परिसरों के प्रवेश द्वार, एटीएम केबिन और पार्किंग स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता को परखा गया। पुलिस ने बैंक प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा गार्डों की तैनाती में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। चेकिंग के साथ-साथ पुलिस ने बैंक आए ग्राहकों से भी सीधा संवाद किया। उन्हें बैंकिंग फ्रॉड से बचने के तरीके बताए गए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि अपराधी तत्वों के हौसले पस्त रहें और नागरिक निडर होकर लेन-देन कर सकें।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को मिलेगा शीतल जल

**कटनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के (जिला समन्वयक) डॉ तेजसिंह के निर्देशानुसार एवं बाल मुकुंद मिश्रा (ब्लॉक समन्वयक) के मार्गदर्शन में विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक- 03 कन्हवारा की नवांकुर संस्था बारडोली



वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत आदर्श ग्राम मड़ई के ग्राम जुगियाकाप की मुख्य मार्ग में इस भीषण गर्मी में राहगीरों के प्यास की तड़प दूर करने हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता रामानुज पांडेय, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, सदस्य सतीश त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी गनपत लाल व ग्राम के लोग सम्मिलित रहे।

### सुआ नदी में डूबने से बालक की हुई मौत

**सिलौंडी।** सिलौंडी चौकी के अंतर्गत ग्राम लालपुर में 10 वर्षीय बालक हर्ष गडारी पिता राजेंद्र गाडरी की सुआ नदी लालपुर में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीण ने बताया अवैध रेत उत्खनन के लालपुर घाट में पानी गहरा हो गया जिसके कारण बालक पत्थर से फिसल कर पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले को जांच में लिया है।

## गर्मी में राहगीरों के लिए जीवनदायिनी बनी सुरभि महिला समिति, दामिनी में प्याऊ का शुभारंभ

# शीतल जल प्याऊ, 24 घंटे मिलेगी राहत

भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच जब राहगीर प्यास से व्याकुल हो उठते हैं, ऐसे समय में श्रद्धा महिला मंडल के मार्गदर्शन में सुरभि महिला समिति, एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र ने सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दामिनी मुख्य गेट पर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया।







धनपुरी।

"पानी है तो जिंदगानी है" के संदेश के साथ 20 अप्रैल 2026 को शुरू की गई यह पहल न केवल राहगीरों बल्कि आसपास के ग्रामीणों और कॉलरी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत बन गई है।समिति की अध्यक्षा श्रीमती ब्लोरा जेना के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों को शरबत, चना और गुड़ वितरित कर उन्हें ताजगी और ऊर्जा प्रदान की गई। इस अवसर पर दामिनी भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक राजेश खम्परिया, टेक्निकल इंस्पेक्टर प्रशांत पाठक सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।गर्मी भर चलेगा सेवा अभियानअध्यक्षा श्रीमती ब्लोरा जेना ने स्पष्ट किया कि यह प्याऊ पूरे गर्मी सीजन में निरंतर संचालित रहेगा, जिससे किसी भी जरूरतमंद को प्यासा न रहना पड़े। वहीं खान प्रबंधक राजेश खम्परिया ने आश्वासन दिया कि यहां 24 घंटे ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और प्रतिदिन इसकी नियमित निगरानी की जाएगी।मानव सेवा ही सर्वोपरिश्रद्धा महिला मंडल ने कहा कि समाज के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है और आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। भीषण गर्मी में यह पहल बुजुर्गों, मजदूरों और राहगीरों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है।कार्यक्रम में श्रीमती सत्या रमन्ना, अनुपा सेनगुप्ता, सपना गनवीर, सुनीता हेमबरम, पद्मावती हरिबाबू, मनिका मंजीरी, पूनम खम्परिया, अंजना कुर्रे, रंजू झा, भारती विश्वकर्मा, नर्मदा थुरी, श्रुति सिंह एवं संस्कृति साहु सहित समिति की कई सदस्याएं उपस्थित रहीं।तपती दोपहरी में यह प्याऊ न सिर्फ प्यास बुझा रहा है, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी जन-जन तक पहुंचा रहा है।

# रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण से नगर वासियों को मिलेगी बेहतर सुविधा



### रेलवे ने संयुक्त सर्वे के जरिये लिया जायजा नगर पालिका अध्यक्ष की पहल लायी रंग

बिरसिंहपुर पाली

नगर पालिका परिषद पाली वर्तमान में रेलवे लाइन के कारण लगभग दो भागों में बटा हुआ है, जिस कारण से नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पडता था, यद्यपि पश्चिमी छोर में बने एक अंडर ब्रिज के सहारे नागरिकों को आवागमन करना पडता रहा है चूंकि नगर के दक्षिणी दिशा से राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के गुजरने के कारण एक अंडर ब्रिज पर्याप्त नहीं है, साथ ही नगर के साथ अन्य ग्रामीण जनों को चक्कर लगाकर इस अंडर ब्रिज के सहारे तहसील कार्यालय, अनुविभागीय कार्यालय राजस्व, जनपद पंचायत, न्यायालीन काम, धाना, सिंचाई विभाग, नगर पालिका कार्यालय, विद्यालय, बैंक, पोस्ट आफिस और बाजार के लिये दक्षिणी छोर से उत्तर की ओर भारी संख्या में लोगों को आना जाना पड़ता है। इस समस्या से जुझ रहे नागरिकों ने समय समय पर अंडर ब्रिज निर्माण की मांग करते रहे हैं। इस समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी से आग्रह किया था, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर जनता की समस्या को निजात दिलाने के लिए आग्रह किया था। जिस पर रेल प्रशासन ने अमल में लेते हुए स्थल निरीक्षण कर अंडर ब्रिज बनाने के लिए उच्च प्रबंधन को प्रस्ताव भेजा गया है। अंडर ब्रिज निर्माण स्थल के निरीक्षण के अवसर पर रेल विभाग, नगर पालिका परिषद पाली और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवलोकन किया । इस अंडर ब्रिज की मांग पिछले पंच वर्षीय से चलती आ रही है। अब आम नागरिकों को आश बनी हुई है कि जनता की मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए अंडर ब्रिज सड़क मार्ग का निर्माण कराया जाना जन हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## श्रम आयुक्त कार्यालय इन्दौर का फैसला

### श्रमिक विवाद श्रम न्यायालय शहडोल को सौंपा गया

शहडोल।

अपर श्रमआयुक्त कार्यालय इन्दौर, मध्यप्रदेश द्वारा औद्योगिक विवाद को श्रम न्यायालय शहडोल को संदर्भित कर दिया गया है। यह मामला सेवा नियोजक कर्मचारी रूद्रप्रसाद दुबे पिता धनमान दुबे एवं नियोजक पक्ष ओरियंट पेपर मिल्स, अमलाई (जिला शहडोल) तथा संबंधित प्रोप्राइटर वीरेन्द्र प्रताप सिंह ठेकेदार ओपीएम अमलाई के बीच उत्पन्न विवाद से जुड़ा हुआ है।

जारी आदेश के अनुसार, उक्त प्रकरण औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अंतर्गत दर्ज किया गया था, जिसमें प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर राज्य शासन को उपयुक्त प्राधिकारी मानते हुए आगे की कार्यवाही की गई। अपर श्रमआयुक्त ने अधिनियम की धारा 10 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए इस विवाद को विधिवत श्रम न्यायालय शहडोल को निर्णय हेतु भेजा है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि न्यायालय अब इस बात पर विचार करेगा कि सेवा नियोजक कर्मचारी का सेवा समाप्तिकरण वैध एवं उचित था या नहीं। यदि यह कार्रवाई अनुचित पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारी को किस प्रकार की राहत अथवा सहायता प्रदान की जानी चाहिए, साथ ही नियोजक पक्ष को किन निर्देशों का पालन करना होगा। इस निर्णय से संबंधित पक्षों को न्यायालय में अपना पक्ष रखने का अवसर मिलेगा और मामले का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# नेशनल हाईवे पर देवदूत बनी 1033 हेल्पलाइन

### मौत को मात देकर लौटी 80 वर्षीय वृद्धा, लापरवाही पर भारी पड़ी तत्परता





**शहडोल।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर सोमवार को एक बार फिर केंद्र सरकार की आपातकालीन सेवा 1033 जीवनदायिनी साबित हुई। जब सरकारी तंत्र की अन्य लाइनें व्यस्तता का बहाना बना रही थीं, तब हाईवे हेल्पलाइन की चंद मिनटों की फुर्ती ने एक लहूलुहान वृद्धा को नई जिंदगी दे दी। घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर की है। ग्राम खितौली निवासी 80 वर्षीय वृद्धा बडक़ा दाई अपने परिजनों के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। दोपहर करीब 4 बजे अचानक बाइक के सामने आए एक राहगीर को बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बुजुर्ग महिला सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं; उनके हाथ में फ्रैक्चर और चेहरे पर गहरे जख्मों ने मौके पर मौजूद लोगों के हाथ-पांव फुला दिए।

**जब डायल 112 ने दिया धोखा**-हादसे के बाद मदद के लिए राहगीरों ने तत्काल पुलिस की हेल्पलाइन डायल 112 पर संपर्क साधा, लेकिन दुर्भाग्यवश लाइन लगातार व्यस्त आती रही। कीमती समय हाथ से निकलता देख जागरूक नागरिकों ने सूझबूझ दिखाई और हाईवे हेल्पलाइन 1033 को कॉल खटखटाया।

**मिनटों में पहुंची एम्बुलेंस, मिला नया जीवन**-कॉल लगते ही हाईवे पेट्रोलिंग और एम्बुलेंस ने एक्शन मोड में आते हुए कुछ ही मिनटों में मौके पर दस्तक दे दी। घायल वृद्धा को सडक़ से उठाकर तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और अस्पताल रवाना किया गया। इस दौरान अरुण पांडे ने भी सक्रियता दिखाते हुए टीम को निर्देशित किया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि 1033 की टीम समय पर न पहुंचती, तो अधिक खून बह जाने से बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों और राहगीरों ने स्पष्ट कहा कि नेशनल हाईवे पर सफर करने वालों के लिए 1033 किसी वरदान से कम नहीं है। जहाँ अन्य सेवाएं दम तोड़ देती हैं, वहां इस हेल्पलाइन की त्वरित कार्रवाई ने प्रशासन की साख बचा ली।

## बरगवां सोड़ा फैक्ट्री में हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम जयंती उत्सव

### पूजन-अर्चन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

अमलाई।

बरगवां-अमलाई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 3 स्थित सोड़ाफैक्ट्री गेट के सामने विवेक पाण्डेय के निवास पर भगवान परशुराम जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सनातन धर्म प्रेमियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।सुबह 11 बजे से श्रद्धालु एकत्रित हुए, जहां विधि-विधान से भगवान परशुराम जी का पूजन एवं हवन संपन्न हुआ। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति



उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता और संस्कारों को मजबूत करते हैं। साथ ही आयोजकों द्वारा किए गए इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए विवेक पाण्डेय एवं विमला पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में माताएं, बहनें, वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

# तड़पता रहा घायल, मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने दिखाई गुंडागर्दी

शहडोल।

जिले का सबसे बड़ा अस्पताल 'बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज' अब इलाज के लिए नहीं, बल्कि अपनी बेलगाम बदसलूकी और स्टाफ की दादागिरी के लिए पहचाना जाने लगा है। यहां सफेद कोट पहनकर बैठने वाले कुछ सफेदपोश कर्मचारी मानवता को तार-तार कर रहे हैं। ताजा मामला उमरिया जिले के एक घायल युवक के साथ हुई अभद्रता का है, जहां जीवन और मौत के बीच झूल रहे मरीज को इलाज देने के बजाय मेडिकल स्टाफ ने उसके परिजनों से सडक़ छाप गुंडों की तरह व्यवहार किया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अब पूरे अस्पताल प्रबंधन की किरकिरी हो रही है।





घटना की पृष्ठभूमि जितनी दर्दनाक है, मेडिकल स्टाफ का रवैया उतना ही शर्मनाक। उमरिया के सलैया निवासी संजय यादव खुशियों का पैगाम लेकर अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने ससुराल जा रहे थे। हर्री टोल प्लाजा के पास एक अनियंत्रित कार ने उन्हें काल बनकर टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजन उन्हें लेकर उम्मीद की लौ जलाए मेडिकल कॉलेज पहुंचे, लेकिन वार्ड नंबर-8 में दाखिल होते ही उनकी उम्मीदें स्टाफ की बदतमीजी की भेंट चढ़ गईं। मरीज संजय की हालत बिगड़ रही थी, शरीर से खून का फव्वारा फूट रहा था। तड़पते दामाद को देख उसकी सास सावित्री यादव ने जब गिड़गिड़ाते हुए स्टाफ से इलाज की गुहार लगाई, तो मदद के हाथ आगे बढऩे के बजाय स्टाफ की जुबान कैंची की तरह चलने लगी। घायल की मदद करने के बजाय यहाँ का स्टाफ परिजनों को अपनी सत्ता और पद का रसूख दिखाने में मशगूल रहा।

जब सिस्टम बहरा हो जाए, तो जनता कैमरे का सहारा लेती है। घायल के साले शिवा यादव ने जब अपनी आंखों के सामने हो रहे इस अत्याचार और स्टाफ की लापरवाही को मोबाइल में कैद करना चाहा, तो स्टाफ का असली चेहरा सामने आ गया। वीडियो बनता देख मेडिकल स्टाफ और वहां तैनात सुरक्षा गार्ड अपनी औकात पर उतर आए। आरोप है कि परिजनों के साथ धक्का-मुक्की की गई, उन्हें डराया-धमकाया गया और सच को छिपाने के लिए मोबाइल तक छीनने का प्रयास किया गया। सवाल उठता है कि अगर स्टाफ अपनी जगह सही था, तो उन्हें कैमरे से इतना खौफ क्यों?

शहडोल मेडिकल कॉलेज में यह कोई पहली घटना नहीं है। यहाँ मरीजों के साथ जानवरों जैसा सलूक होना अब आम बात हो चुकी है। सबसे बड़ा सवाल उन जनप्रतिनिधियों पर उठता है, जो चुनाव के वक्त जनता के चरणों में होते हैं, लेकिन अस्पताल में जनता की पिटाई और बेइज्जती पर मौन व्रत धारण कर लेते हैं। सत्तापक्ष के विधायक हों या अन्य कद्दावर नेता, किसी ने आज तक इस नरक बन चुके मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुधारने के लिए कॉलेज प्रबंधन की कॉलर पकडऩे की जहमत नहीं उठाई। जनप्रतिनिधियों की यह चुप्पी सीधे तौर पर अस्पताल प्रबंधन के ढुलमुल रवैये को खाद-पानी दे रही है।

पीड़ित परिवार ने हिम्मत दिखाते हुए सोहागपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वायरल वीडियो चीख-चीखकर मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा बयां कर रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन रसूखदार यमदूतों पर गाज गिराता है या हर बार की तरह मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। आखिर कब तक शहडोल की भोली-भाली जनता इन तथाकथित भगवानों की गुंडागर्दी सहती रहेगी? अगर अस्पताल में इलाज के बदले अपमान और धक्का-मुक्की ही मिलनी है, तो करोड़ों की यह आलीशान बिल्डिंग किस काम की?

# 92 ट्यूबवेल सहित 409 लीकेज का किया सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संवर्धन, जल संरक्षण, संग्रहण एवं जल स्त्रोतों और संरचनाओं में स्वच्छता से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं जो आगामी 30 जून तक जारी रहेंगे। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में अभियान के तहत रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भू जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत एवं नवीनीकरण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोत तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई, का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

### विभिन्न गतिविधियां

प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत जहां एक और जन समुदाय के सहयोग से नगर की नदियों तालाबों की साफ सफाई का कार्य जारी है, वही दूसरी ओर निगम प्रशासन द्वारा 19 मार्च से अब तक 92 ट्यूबवेल सहित 409 लीकेज का सुधार कार्य कराया जाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।

### सोक पिट का निर्माण


अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा नगर के पुराने जल के स्त्रोतों को संरक्षित करने के प्रयास भी किए जा रहे है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थलों के 9 सार्वजनिक कुओं की सफाई एवं आवश्यक मरम्मत का कार्य कराया गया है। वही विभिन्न हैंडपंपों के पास सोक पिट का निर्माण कराया जाकर आमजनों के बीच जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है।

### 15 सार्वजनिक प्याऊ बुझा रहे राहगीरों की प्यास

अभियान के तहत नगर के 15 प्रमुख स्थलों में सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा हैं। जिसमें 8 प्याऊ नगर निगम के माध्यम से तथा 7 प्याऊ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### डीजल लूट का आतंक, दिनदहाड़े चालक पर हमला



अनूपपुर। अनूपपुर जिले में डीजल चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खुलेआम सड़कों पर वाहन रोककर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला 20 अप्रैल की सुबह लगभग 5:00 से 5:30 बजे के बीच का है, जब विरासिनी पंप और साधा मोड़ के बीच एक सुनियोजित तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया गया। सफेद रंग की कार में सवार 5-6 अज्ञात बदमाशों ने वाहन को जबरन रोक लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पहले वाहन का कांच फोड़ा, फिर चालक लल्लू राम कोल (निवासी भालूमाड़ा) के साथ बेरहमी से मारपीट की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे इतना पीटा कि उसके सिर और जांघ में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी लगभग 200 लीटर डीजल लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना के समय चालक कोयला खाली कर लौट रहा था और वाहन खाली था, जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने उसे निशाना बनाया। इस पूरी वारदात ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है, जो बेखौफ होकर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित चालक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस गंभीर घटना पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### अवैध रेत (खनिज) चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



हरिभूमि न्यज बिजुरी। 19 अप्रैल को ग्राम बहैहाटोला में मुक्तिधाम केवई नदी घाट में घेराबंदी कर एक लाल रंग का महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करने पर रेड कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक भोलाचरण कोडाकू पिता हीरालाल कोडाकू उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्र.07 कपिलधारा कालोनी थाना बिजुरी जिला अनूपपुर के विरुद्ध अपराध क्र. 138/2026 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, का पंजीबद्ध कर अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, आर. विश्वजीत मिश्रा, आर. प्रभाकर त्रिपाठी की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

### वैदिक मंत्रों के बीच अमजद खान की सनातन धर्म में वापसी, बने रामदास



अमरकंटक। भगवान परशुराम जयंती के पावन एवं आध्यात्मिक वातावरण में एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ अमजद खान ने सनातन धर्म में पुनः प्रवेश कर 'रामदास' नाम धारण किया। यह आयोजन श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। इस गरिमामय अवसर पर श्री नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी एवं पंडित नंदन द्विवेदी के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना, शुद्धिकरण एवं वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ धर्म वापसी की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। संपूर्ण अनुष्ठान वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शांति कुटी आश्रम के महंत रामभूषण दास महाराज की उपस्थिति रही, जिन्होंने रामदास जी को गुरु दीक्षा प्रदान की। महंत जी द्वारा उन्हें गुरु मंत्र भी दिया गया, जिससे उनके आध्यात्मिक जीवन की नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हुआ। महंत जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सनातन धर्म सर्वसमावेशी, उदार एवं मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। धर्म वापसी के उपरांत अमजद खान का नया नाम 'रामदास' रखा गया। उनकी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार, वे 51 वर्ष के हैं, उनके पिता का नाम मलिक अहमद है तथा माता का नाम लक्ष्मीबाई है। वे इंदौर के वार्ड क्रमांक 2, रानीपुरा क्षेत्र के निवासी हैं। महाकाल के भक्त हैं तथा पुरा परिवार मुंबई में रहता है।

## चचाई में उड़ रही फ्लाई ऐश बनी जहर

# खुले और ओवरलोड वाहनों पर भड़का जनआक्रोश

अनूपपुर जिले के चचाई क्षेत्र में अमरकंटक ताप विद्युत गृह से फ्लाई ऐश का खुले और ओवरलोड वाहनों से परिवहन गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने इस मामले को लेकर प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उनका आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे इस परिवहन से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा और खतरनाक असर पड़ रहा है।







हरिभूमि न्यज अनूपपुर/चचाई।

चचाई स्थित अमरकंटक ताप विद्युत गृह के अंतर्गत बने फ्लाई ऐश डेम से राख का परिवहन इन दिनों नियमों को दरकिनार कर खुलेआम किया जा रहा है। समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और विद्युत गृह प्रबंधन को पत्र लिखकर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि फ्लाई ऐश का परिवहन पूरी तरह ढंके हुए वाहनों में किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद ठेकेदार खुले ट्रकों का उपयोग कर रहे हैं और उनमें क्षमता से अधिक फ्लाई ऐश भर रहे हैं। परिणामस्वरूप रास्तों में राख उड़कर वातावरण को दूषित कर रही है। इसका सीधा असर अमलाई-चचाई क्षेत्र के ग्रामीणों पर पड़ रहा है, जहां लोगों में सांस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

#### नियमों की खुली अनदेखी

फ्लाई ऐश परिवहन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्त गाइडलाइन तय की हैं। इन निर्देशों के अनुसार, फ्लाई ऐश को पूरी तरह ढंके हुए वाहनों में ही परिवहन किया जाना चाहिए ताकि वह वातावरण में न फैले। लेकिन चचाई क्षेत्र में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। ठेकेदार बिना किसी डर के खुले ट्रकों में फ्लाई ऐश भरकर परिवहन कर रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि निगरानी तंत्र कमजोर है और जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### ओवरलोडिंग से बढ़ता प्रदूषण

केवल खुले वाहनों का ही नहीं, बल्कि ओवरलोडिंग का भी गंभीर मामला सामने आया है। ट्रकों में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक फ्लाई ऐश भरी जा रही है, जिससे चलते समय राख सड़कों पर गिरती रहती है और हवा में उड़ती है। इससे पूरे इलाके में धूल और राख का गुबार फैल जाता है। यह स्थिति न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि आसपास के पर्यावरण को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है।

#### ग्रामीणों की सेहत पर असर

फ्लाई ऐश के इस अनियंत्रित परिवहन का सबसे ज्यादा असर स्थानीय ग्रामीणों पर पड़ रहा है। अमलाई और चचाई क्षेत्र के लोगों में सांस, दमा और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खासतौर पर प्रभावित हो रहे हैं। लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

#### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित थाना और फ्लाई ऐश परिवहन प्रभारी को निर्देशित करने की अपील की है ताकि खुले और ओवरलोड वाहनों पर तुरंत रोक लगाई जा सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

#### आंदोलन की चेतावनी

यदि प्रशासन इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है, तो समाजसेवी और स्थानीय लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर फ्लाई ऐश के खुले परिवहन पर रोक नहीं लगी, तो जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## अक्षय तृतीया पर अमरकंटक में उमड़ा श्रद्धा का सागर मां नर्मदा में भक्तों ने लगाई आस्था की पुण्य डुबकी



### स्नान, दर्शन, पूजन-अर्चन के साथ महिलाओं ने किया घट-कलश दान

हरिभूमि न्यज अमरकंटक।

तप, त्याग, आस्था और अक्षय पुण्यफल की प्रतीक वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर पवित्र नगरी अमरकंटक में अक्षय तृतीया का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने पतित-पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा के पवित्र जल में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा विधिवत दर्शन, पूजन और अर्चन कर सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। मां नर्मदा उद्गम स्थल स्थित कोटि तीर्थ कुंड, रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट, आरंडी संगम तथा नर्मदा पुष्कर बांध में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तजन पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाकर स्वयं को धन्य मानते रहे। नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं, जहां भक्तों ने मां नर्मदा के श्रीचरणों में शीश नवाकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के सुख-शांति एवं मंगल की कामना की।

भीषण ग्रीष्म तपन के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी। नंगे पांव मंदिर परिसर में घंटों प्रतीक्षारत रहकर भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ दर्शन किए। सम्पूर्ण क्षेत्र 'नर्मदा माई की जय' के जयघोष से गुंजायमान होता रहा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर पेंड्रा रोड एवं अनूपपुर क्षेत्र से आई धर्मनिष्ठ महिलाओं ने भी विशेष रूप से घट-दान एवं कलश-दान की परंपरा का निर्वहन किया। महिलाओं ने मिट्टी के मटकों एवं कलशों में गुड़, तिल, आम, बैंगन, लड्डू आदि रखकर दक्षिणा सहित आचार्य, पुरोहित एवं ब्राह्मणों को श्रद्धापूर्वक दान अर्पित किया। सनातन मान्यता के अनुसार वैशाख मास में शीतल जल से प्यासे प्राणियों की तृप्ति हेतु प्याऊ स्थापित करना, घटदान करना तथा अन्न-वस्त्र दान करना अक्षय पुण्य प्रदान करता है। यही कारण है कि अक्षय तृतीया को धर्म, दान और साधना का महापर्व माना जाता है। अमरकंटक की पुण्यभूमि पर इस दिव्य अवसर पर श्रद्धा, सेवा और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।



कोतमा पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जप्त

## 56.35 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यज कोतमा।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में कोतमा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी/देशी शराब एवं अवैध व्यापार में लिप्त आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। रविवार की शाम थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ल को एक विश्वशनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उरतान में एक व्यक्ति अपने घर में काफी मात्रा में शराब रखा हुआ है एवं एक एक कर गली में लाकर लोगों को बेच रहा है। मुखबिर सूचना से अवगत होकर थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई। दौरान रेड कार्यवाही एक व्यक्ति अपने आंगन से गली में लाकर लोगों को शराब बेच रहा था जिसे पकड़ कर नाम पता पूछने पर अपना नाम गंगाराम यादव उर्फ गंगू यादव पिता नंदलू यादव उम्र 24 वर्ष निवासी उरतान एवं तलाशी लेने पर उसके घर में कुल 7 खाकी रंग के कार्टून में अलग अलग ब्रांड की अंग्रेजी एवं देशी शराब कुल 56.35 लीटर कीमती 26844 रुपए का होना पाया गया। समक्ष गवाहान आरोपी के कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। दौरान पूछताछ आरोपी ने कुछ दिन पहले बिजुरी शराब दुकान से शराब लाना बताया है। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल के साथ प्रधान आरक्षक दिनेश राठौर, प्रधान आरक्षक रामपाल पटेल, आरक्षक अंशु बैगा, आरक्षक नत्थू लाल एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्य नीरज सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## पुष्पराजगढ़ के देवरी में श्रमदान से स्टॉप डैम हुआ पुनर्जीवित



हरिभूमि न्यज अनूपपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ-साथ अनूपपुर जिले में भी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की ग्राम पंचायत देवरी में जन-सहभागिता और मशीनरी के सहयोग से स्थानीय स्टॉप डैम का कायाकल्प किया गया। ग्राम पंचायत देवरी में जल संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्टॉप डैम में जमा गाद (सिल्ट), मिट्टी और अनावश्यक झाड़ियों की सफाई की गई। स्थानीय निवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वतः स्फूर्त होकर श्रमदान किया, वहीं गहरी खुदाई एवं भारी मलबे के त्वरित निस्तारण हेतु जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। इस संयुक्त प्रयास से डैम परिसर को स्वच्छ और गहरा बनाया गया है, जिससे आगामी वर्षा ऋतु में इसकी जल भराव क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्टॉप डैम की सफाई होने से न केवल क्षेत्र के भू-जल स्तर में सुधार होगा, बल्कि पशुधन के लिए पेयजल और निस्तारी जल की समस्या का भी निराकरण होगा। जल स्रोतों के पुनरुद्धार से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि कार्यों के लिए भी जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में जिले भर की जल संरचनाओं के पुनरुद्धार का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। अभियान के तहत पारंपरिक जल स्रोतों को सहेजने के लिए जन-भागीदारी और विभागीय संसाधनों का समुचित उपयोग किया जा रहा है।

## झिलमिल जलाशय की नहरों का होगा कायाकल्प, किसानों को मिलेगा बेहतर सिंचाई लाभ

हरिभूमि न्यज अनूपपुर।



जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड पुष्पराजगढ़ में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में झिलमिल जलाशय की नहरों के सुदृढ़ीकरण और निर्माण कार्य को गति दी जा रही है। झिलमिल जलाशय से निकलने वाली नहरों के व्यवस्थित निर्माण और मरम्मत कार्य होने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सीधा लाभ पहुँचेगा। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि खरीफ और रबी दोनों फसलों के लिए अंतिम छोर (ज्पस मदक) के खेतों तक पानी पहुँच सके। कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नहर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य की समय-सीमा और गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया कि सिंचाई परियोजनाओं का सुदृढ़ीकरण ग्रामीण विकास की प्राथमिकता है। झिलमिल जलाशय की नहरों के सक्रिय होने से पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि इससे भू-जल स्तर में भी सुधार होगा, जो क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि का आधार बनेगा।

## मंत्री दिलीप जायसवाल के आश्वासन पर राजनगर वनगवां अध्यक्ष का आमरण अनशन स्थगित



**राजनगर।** जिले के राजनगर वनगवां नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने विकास कार्यों में बाधाओं के खिलाफ आमरण अनशन की चेतावनी दी थी, लेकिन मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के आश्वासन के बाद इसे स्थगित कर दिया। 13 अप्रैल को जारी पत्र में अध्यक्ष यशवंत सिंह ने एसईसीएल, वन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग पर मनमानी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि इन विभागों के अवरोध से निर्माण कार्य रुक जाते हैं, प्रस्तावों को नजरअंदाज किया जाता है और फाइलें लंबित रहती हैं, जिससे राजनगर वनगवां का विकास प्रभावित हो रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने राजनगर प्रवास के दौरान आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। सभी विभागों के अधिकारियों से बात कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। मंत्री के इस आश्वासन पर अध्यक्ष यशवंत सिंह ने आमरण अनशन स्थगित कर दिया और श्री जायसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंत्री ने समय रहते नगर की समस्याओं को संज्ञान में लिया और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**प्लॉट बेचना है**
**अनूपपुर में**
चचाई रोड में अण्डर ब्रिज से 500 मी. आगे मेन रोड में (प्लाट साईज 40 X 124) चारों तरफ बांउड्रीवाल बनी हुई है। सम्पर्क 8839048890, 9971596624